पुलिस ने नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली मिनी फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

संसू, चांडिल : गुरुवार को चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार व आबकारी विभाग ने आसनबनी स्थित चायपुल में छापेमारी कर नकली अंग्रेजी शराब बनाने वाली मिनी शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। छापेमारी के दौरान लगभग 50 पेटी नकली अंग्रेजी शराब व भारी मात्रा में स्प्रिट, रैपर, ढक्कन व बोतल जब्त किए गए। जिस घर में नकली शराब बनाया जा रहा था, उस घर के मालिक शिबू सिंह को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि संबंधित स्थल पर बड़े पैमाने पर नकली अंग्रेजी शराब का निर्माण किया जा रहा है। सूचना के आधार पर छापेमारी की गई। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। छापेमारी के दौरान कुल 350 लीटर शराब जब्त किए गए, जिसका बाजार मूल्य लगभग 4.50 लाख बताया जा रहा है। छापेमारी टीम में उत्पाद अधीक्षक अजय कुमार सब इंस्पेक्टर निर्भय कुमार सिन्हा व चांडिल थाना प्रभारी अजीत कुमार शामिल थे।

Source: https://www.jagran.com/jharkhand/seraikela-22789637.html